प्रादेशिक समाचार
दिनांक– 28.02.2026 (दोपहर–1310 बजे)
मुख्य समाचार

1. **स्थानीय निकायों में आधी आबादी का दबदबा, रांची में रौशनी खलखो, मानगो में सुधा गुप्ता और गिरिडीह में प्रमिला मेहरा ने मेयर पद पर दर्ज की ऐतिहासिक जीत।**
2. **धनबाद नगर निगम चुनाव की मतगणना दूसरे दिन भी जारी, झरिया के पूर्व विधायक संजीव सिंह 40 हजार से अधिक वोटों के साथ अपने प्रतिद्वंद्वी से काफी आगे।**
3. **प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सर्वाइकल कैंसर के खिलाफ सबसे बड़ा टीकाकरण अभियान का किया शुभारंभ, झारखंड में स्वास्थ्य मंत्री ने की इस मुहिम की शुरुआत।**
4. **मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन आज चतरा के एक दिवसीय दौरे पर, निजी और संगठनात्मक कार्यक्रमों में होंगे शामिल।**
5. **राष्ट्रीय विज्ञान दिवस पर राज्यभर में कई कार्यक्रमों का आयोजन, स्वदेशी तकनीक और नवाचार से भविष्य संवार रही जमशेदपुर की अटल टिंकरिंग लैब।**

****

राज्य के शहरी निकायों में नारी शक्ति का उदय हुआ है। राज्य के 48 नगर निकायों के चुनाव परिणामों में महिलाओं ने अपना परचम लहराते हुए 22 प्रमुख सीटों पर कब्जा जमाया है। राजधानी रांची से लेकर जमशेदपुर के मानगो और कोयलांचल के गिरिडीह तक, अब शहर की सरकार महिलाओं के हाथों में होगी।

****

बोकारो के चास नगर निगम में महापौर पद पर भोलू पासवान ने दोबारा कब्जा जमा लिया है। कड़े मुकाबले में उन्होंने अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी अविनाश कुमार को 2 हजार 969 मतों से पराजित किया।

****

हजारीबाग नगर निगम चुनाव में जीत की एक अनोखी इबारत लिखी गई है। पेशे से पत्रकार अरविंद राणा ने जनसहयोग और चंदे से जुटाए पैसों के बल पर मेयर पद पर शानदार जीत दर्ज की है। उन्होंने अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी सरफराज अहमद को करीब 4 हजार 657 मतों से पराजित किया।

****

कोडरमा नगर निकाय चुनाव के नतीजे भी घोषित हो गए हैं। झुमरी तिलैया नगर परिषद से रमेश हर्षधर, कोडरमा नगर पंचायत से साजिद हुसैन और डोमचांच से उमेश वर्मा अध्यक्ष निर्वाचित हुए हैं। उपायुक्त ने विजेताओं को बधाई दी।

****

गुमला नगर परिषद चुनाव में भाजपा समर्थित शकुंतला उरांव ने अध्यक्ष पद पर एकतरफा जीत हासिल की है। उन्होंने झामुमो की हर्षिता टोप्पो को 3 हजार 148 मतों के अंतर से पराजित किया। जीत के बाद उन्होंने प्रधानमंत्री के सबका साथ–सबका विकास मंत्र के साथ गुमला को नई दिशा देने का संकल्प व्यक्त किया।

****

उधर, चतरा नगर परिषद चुनाव में अध्यक्ष पद पर अताउर रहमान ने अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी को 1 हजार 492 मतों से हराकर जीत दर्ज की है जबकि जामताड़ा जिले के मिहिजाम नगर परिषद अध्यक्ष पद पर जय श्री देवी ने अपनी निकटतम प्रतिद्वंद्वी कविता देवी को 3 हजार 533 मतों के बड़े अंतर से पराजित किया है।

****

चाईबासा नगर परिषद में कड़े मुकाबले के बीच झामुमो समर्थित नितिन प्रकाश ने 504 मतों से जीत हासिल की है। वहीं, चक्रधरपुर में भी झामुमो का दबदबा रहा, जहां सन्नी उरांव ने अपने प्रतिद्वंद्वी को 1 हजार 165 मतों के अंतर से शिकस्त दी।

****

धनबाद नगर निगम चुनाव की मतगणना दूसरे दिन भी जारी है। यहां अब तक तीन राउंड की गिनती पूरी हुई है। शुरुआती रुझानों में झरिया के पूर्व विधायक और भाजपा के बागी नेता संजीव सिंह 40 हजार 883 वोटों के साथ अपने प्रतिद्वंद्वी पूर्व मेयर चंद्रशेखर अग्रवाल से काफी आगे चल रहे हैं।

****

देशभर में आज से सर्वाइकल कैंसर के खिलाफ सबसे बड़ा टीकाकरण अभियान शुरू हो रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राजस्थान के अजमेर से इस राष्ट्रव्यापी मुहिम का शुभारंभ किया। इस अभियान के तहत 9 से 14 वर्ष की किशोरियों को एचपीवी का टीका मुफ्त लगाया जाएगा। एक रिपोर्ट

इस राष्ट्रव्यापी अभियान की शुरुआत करते हुए श्री मोदी ने कहा कि केंद्र सरकार का लक्ष्य है कि आने वाले तीन वर्षों में करीब 1.15 करोड़ लड़कियों को इस सुरक्षा कवच से जोड़ा जाए।

झारखंड में भी स्वास्थ्य मंत्री डॉ. इरफान अंसारी ने राजधानी रांची से इस मुहिम की शुरुआत की है, जहाँ सभी सरकारी अस्पतालों और स्कूलों में यह सुविधा उपलब्ध होगी।

****

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन आज अपने एक दिवसीय दौरे पर चतरा पहुंच रहे हैं। मुख्यमंत्री यहां एक निजी कार्यक्रम में शामिल होंगे। इसके अलावा वे जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम और एक निजी होटल में आयोजित संगठनात्मक कार्यक्रम में कार्यकर्ताओं को संबोधित करेंगे।

****

दूरदर्शन केंद्र रांची यानी डीडी झारखंड की ओर से आज डीडी संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इस मंच पर राज्य के ज्वलंत मुद्दों, विकास योजनाओं और सामाजिक सरोकारों पर चर्चा हो रही है। कार्यक्रम में विभिन्न क्षेत्रों के विशेषज्ञ और नीति निर्धारक शामिल हैं। दोपहर बाद राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार और रक्षा राज्यमंत्री संजय सेठ भी कार्यक्रम को संबोधित करेंगे।

****

राजधानी रांची के सर्राफा बाजार में आज 22 कैरेट सोने की कीमत एक लाख 49 हजार 800 रूपये प्रति दस ग्राम है, जबकि चांदी की कीमत 2 लाख 85 हजार रूपये प्रति किलो है।

****

आज देशभर में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस मनाया जा रहा है। इस वर्ष की थीम है– विकसित भारत के लिए स्वदेशी तकनीक। इसी विजन को धरातल पर उतार रही है जमशेदपुर की अटल टिंकरिंग लैब, जो नन्हे वैज्ञानिकों के सपनों को नई उड़ान दे रही है।

****